आकाशवाणी, गोरखपुर

दिनांक–25 फरवरी 2026 सान्ध्य समाचार

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ सिंगापुर दौरे के बाद आज जापान की राजधानी टोक्यो पहुंचे। वहां आयोजित 'उत्तर प्रदेश इन्वेस्टमेंट रोड शो' में उन्होंने उद्योगपतियों और निवेशकों से संवाद कर उन्हें प्रदेश में निवेश करने का आमंत्रण दिया। इस अवसर पर श्री योगी ने कहा कि उत्तर प्रदेश आज सुरक्षित माहौल, मजबूत इन्फ्रास्ट्रक्चर, बड़ी बाजार क्षमता और युवा कार्यबल के कारण निवेश के लिए सबसे बेहतर राज्य बन कर उभरा है। उन्होंने विश्वास जताया कि यूपी में निवेश के माध्यम से भारत–जापान औद्योगिक सहयोग और मजबूत होगा।

मैं आमंत्रित करूंगा जापान के अपने बिजनेस लीडर्स को कि वे उत्तर प्रदेश में आए प्राइवेट इन्डस्ट्रियल पार्क को आगे बढ़ाने में अपना योगदान दें। नोएडा इंटरनेशल एयरपोर्ट के पास ही जापान के निवेशकों के लिए जापान इन्डस्ट्रियल सिटी के निर्माण की कार्यवाही को भी आगे बढ़ाया है जिसके लिए पांच सौ एकड़ की भूमि वहां पर आवंटित भी की है। चाहे वह जेवर नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट हो यह फिर अन्य महत्वपूर्ण एक्सप्रेस हाईवे के पास बनने वाले इन्डस्ट्रियल कलस्टर इन सब में निवेश के अनंत सम्भावनाएं हैं, और जापान से जुड़ी हुई तमाम कंपनियों ने उत्तर प्रदेश के अंदर अपना निवेश किया है।

मुख्यमंत्री ने आज ही टोक्यो में भारतीय समुदाय के लोगों के साथ भी संवाद किया। श्री योगी के जापान दौरे के पहले दिन विभिन्न जापानी कंपनियों के साथ लगभग ग्यारह हजार करोड़ रूपये के समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुए।

****

कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि सरकार किसानों को ऋण सुविधा प्रदान करने के लिए जल्द ही किसान पहचान पत्र जारी करेगी। यह जानकारी उन्होंने नई दिल्ली में पूसा कृषि विज्ञान मेले के उद्घाटन के दौरान दी। श्री चौहान ने कहा कि सरकार उर्वरकों की उपलब्धता बढा रही है और नकली कीटनाशकों की बिक्री पर अंकुश भी लगा रही है। कृषि मंत्री ने एआई संचालित बहुभाषी डिजिटल प्लेटफॉर्म भारत विस्तार के बारे में भी जानकारी दी।

भारत विस्तार ऐसा एआई प्लेटफॉर्म है कि जिस पर किसान को कहीं जाना नहीं पड़ेगा। उसके ऊपर आईटी एक्सपर्ट नहीं होता कि डाऊन करो कि लोड करो उसको सीधे वो मोबाइल पर सवाल पूछे और उसका जवाब मिल जाए, तो ये भारत विस्तार एआई प्लेटफार्म हमने लॉन्च किया है। अब इसको बाकी भाषाओं में भी हम परफैक्ट करके उसमें हर तरह की जानकारी जाएगी।

****

केन्द्रीय कृषि एवं किसान कल्याण और ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान का आज अयोध्या पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। केन्द्रीय मंत्री श्री चौहान ने श्रीराम जन्मभूमि मंदिर पहुंच कर श्रीराम लला का दर्शन–पूजन किया। इससे पहले उन्होंने मीडिया से बातचीत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में विकसित और आत्म निर्भर भारत के संकल्प को दोहराया। उन्होंने कहा कि भारत इस समय मानवता, शान्ति और वसुधैव कुटुंबकम के संदेश के साथ विश्व का मार्गदर्शन कर रहा है।

****

सर्वोच्च न्यायालय ने कक्षा आठ की एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक में न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के उल्लेख का स्वतः संज्ञान लेते हुए इसे गंभीर चिंता का विषय बताया है। मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्य बागची तथा विपुल एम. पंचोली की खंडपीठ ने इस मामले का संज्ञान लिया है। एक रिपोर्ट–

वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने न्यायालय के समक्ष कहा कि कक्षा 8 के बच्चों को न्यायपालिका में भ्रष्टाचार के बारे में पढ़ाया जा रहा है, जो अत्यंत चिंताजनक है। न्यायमूर्ति बागची ने टिप्पणी की कि यह विषयवस्तु संविधान की मूल संरचना के विरुद्ध प्रतीत होती है। मुख्य न्यायाधीश ने कहा कि बार एसोसिएशन और पीठ दोनों ही इससे चिंतित हैं। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय के न्यायाधीश भी इस मुद्दे से विचलित हैं। पीठ ने स्पष्ट किया कि वह किसी को भी न्यायपालिका को बदनाम करने की अनुमति नहीं देगी। कक्षा 8 की नई सामाजिक विज्ञान एन.सी.ई.आर.टी. पाठ्यपुस्तक के अनुसार, भ्रष्टाचार, लंबित मामलों का भारी बोझ और न्यायाधीशों की कमी न्यायिक प्रणाली के सामने आने वाली चुनौतियों में से एक हैं। समाचार कक्ष से मैं सरफिरोजी।

****

मथुरा के बरसाना में आज विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली बड़े उत्साह और उमंग के साथ खेली गयी। इस दौरान गोपियों ने नन्द गांव के हुरियारों पर जमकर लाठियां बरसायी। हंसी, ठिठोली, अबीर, गुलाल और लाठियों से खेली गयी इस होली का आनंद देश–विदेश के श्रद्धालुओं ने लिया। मान्यता है कि बरसाने की महिलाओं की लाठी जिसके सिर को छू जाए वह भाग्यशाली होता है।

****

प्रदेश का अधिकतम और न्यूनतम तापमान इस सप्ताह के दौरान सामान्य से अधिक रहने की संभावना है। मौसम विभाग के अनुसार इस अवधि में अधिकतम तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस, जबकि न्यूनतम तापमान में दो से चार डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोत्तरी हो सकती है। विभाग के मुताबिक आगामी तीन मार्च तक मौसम के शुष्क रहने की संभावना है।

****